>

Title: Need to review the procedure seeking details for issuance of passes to the Members of Parliament for Commonwealth Games.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): अध्यक्ष महोदया, आपने इतने महत्वपूर्ण इश्यू पर मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। जिस बिंदु की ओर मैं आपका ध्यान दिलान चाहता हूं, उससे पूरा सदन सहमत होगा। भारतीय संसद का जो महत्व है, वह देश में ही नहीं पूरी दुनिया में है, लेकिन कॉमनवैल्थ गेम्स के नाम पर, जिस तरीके से उन्होंने, पूरे हिंदुस्तान को, दुनिया के सामने शर्मसार किया है, आज भारतीय संसद को भी उन्होंने मजाक बनाने का काम किया है। मैं इस बात को इसलिए कहना चाहता हूं कि जो सांसद यहां चुनकर आता है, देश के कोने-कोने से, 15 से 20 लाख लोगों की मुहर लगने के बाद, जो पार्लियामेंट में आता है, और इस संसद के द्वारा जो उसे पहचान-पत्र जारी किया जाता है, कॉमनवैल्थ गेम्स के नाम पर उस पास की मुझे जरूरत नहीं है और न ही कोई सांसद उसके लिए परेशान है। लेकिन चाहे वह सांसद हो, विशिष्ट अधिकारी हो और पत्रकार को वे पास जारी कर रहे हैं। सांसदों को जो उन्होंने चिट्ठी भेजी है कि आपके द्वारा जो पहचान-पत्र जारी किया गया है, उसका महत्व नहीं है बल्कि उसके लिए वोटर प्रमाण-पत्र चाहिये, उसके लिए ड्राइविंग लाइसेंस चाहिए। अभी हमारे समिति के सदस्य श्री बंधोपाध्याय जी, ये भी इस मामले को बता सकते हैं, यह बहुत ही गंभीर मामला है। इन्होंने भारतीय संसद और सांसदों का मजाक बनाया है। इसलिए मैं चाहता हूं कि जो पहचान-पत्र आपके द्वारा जारी हुआ है, यह अपने आप में एक अलग चीज है, इसकी अलग पहचान पूरे देश में है। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह एक गंभीर मामला है, इसका संज्ञान लेते हुए, आपने जो पहचान-पत्र दिया है, यही काफी है और किसी भी पहचान-पत्र के लिए सांसद मोहताज नहीं है। आपके द्वारा जारी पहचान-पत्र ही काफी है, इसलिए इसे महत्व देना चाहिए।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Madam, as a member of the Organizing Committee of the Commonwealth Games, I would like to just add one point. What Shri Dara Singh Chauhan has said is absolutely correct. A proforma containing 10 to 15 pages has been sent to the Members of Parliament to fill it up. It contains the details such as date of birth, passport number, name of the spouse, PAN card number, etc.

So, what I would suggest is that a direction be issued saying that the MP Identity Card is enough to get one Commonwealth Games entry card, which can be given to the Member of Parliament, and the Members of Parliament need not fill up this form.

Madam, I hope that a direction from the Chair can be given to sort out this issue.

अध्यक्ष महोदया : माननीय मंत्री जी उत्तर दे रहे हैं, आप बैठ जाइये।

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI S. JAIPAL REDDY): Madam, may I intervene? â€¦ (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये, मंत्री जी उत्तर दे रहे हैं।

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam, I am not immediately concerned with the issue but as the Chairman of the Group of Ministers which has been empowered to look into it, I appreciate the sentiment of the Members of Parliament. We are taking exceptional security precautions while issuing entry cards. However, this, I think, should not apply to Members of Parliament. I will see to it that this procedure is not applied at all to Members of Parliament.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Thank you.